**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 24 जुलाई 2025, समय 1305 (5 मिनट))**

केन्द्रीय पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत ने पेट्रोल में बीस प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य समय से पांच वर्ष पहले पूरा कर लिया है। स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए श्री पुरी ने कहा कि पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण 2014 में केवल डेढ़ प्रतिशत से बढ़कर 2025 में बीस प्रतिशत हो गया है जो 11 वर्षों में लगभग 13 गुना वृद्धि है।

पेट्रोल में मिश्रण के लिए एथेनॉल मुख्य रूप से गन्ने से प्राप्त होता है हाल ही में सरकार ने वर्तमान विपणन सत्र के लिए **शीरे से एथेनॉल उत्पादन** के लिए मूल्य वृद्धि की मंजूरी दी थी।

**************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा इस बार इतने बड़े स्तर पर होने जा रही सामान्य पात्रता परीक्षा -सीईटी परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को आवाजाही की सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

पंचकूला में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर किसी गांव से 200 बच्चे परीक्षा देने के लिए आ रहे हैं तो उनके लिए गांव से ही परीक्षा केंद्र तक पांच बसें मुहैया करवाई जाएगी।

1- सी एम -ए -30 सेकंड

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आम लोगों से परीक्षा वाले दिन घरों से काम से काम निकालने की अपील की है ताकि परीक्षार्थियों को पैकश केंद्र तक पहुँचने में असुविधा न हो।

2-सी एम -बी -23 सेकंड

यह परीक्षा 26 व 27 जुलाई को ली जाएगी।

************************************************************************

पंजाब पुलिस के सेवानिवृत्त डीआईजी इंद्रजीत सिंह सिद्धू 87 वर्ष की आयु में चंडीगढ़ में अपनी सोसायटी की सफाई की निस्वार्थ सेवा में लगे हैं।

श्री इंद्रजीत सिंह सिद्धू ने बताया कि उन्हने  साफ-सुथरी जगह पसंद है, इसलिए वह सफाई करने की कोशिश करते हैं। पहले वह एक बड़े लिफ़ाफ़े में कचरा इकठ्ठा करते है फिर उन्होंने कचरा बढ़ता देख ठेला लिया। उनका कहना है कि कचरा बढ़ रहा था लेकिन उठाया नहीं जा रहा था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में साफ सफाई होगी तो अच्छा रहेगा, स्वच्छता ही सेवा को अपना धर्म मानने वाले श्री सिद्धू ने कहा -

3- इंद्रजीत सिंह सिद्धू-41 सेकंड

उन्होंने कहा कि शहरी स्वच्छ सर्वेक्षण में पूरे भारत में स्वच्छता की प्रतियोगिता में चंडीगढ़ दूसरे स्थान पर है, चंडीगढ़ प्रथम स्थान पर हो इस लिए सबको स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए।  चंडीगढ़ अपनी स्वच्छता और सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है।

***********************************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री ए० श्रीनिवास ने बताया कि आयोग की हिदायतों अनुसार प्रदेश के 21 गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा पिछले 6 वर्षों में किसी भी चुनावी गतिविधि में भाग न लेने के वजह से उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है । नोटिस के माध्यम से इन 21 गैर

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को आवश्यक कागजात जमा करवाने तथा 22 व 23 जुलाई को सुनवाई के लिए अवसर प्रदान किया गया था, परन्तु उक्त दोनों तिथियों को इन 21 गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों का कोई भी प्रतिनिधि सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं हुआ।

***************************************************************
*********

हरियाणा राज्य बाल  कल्याण परिषद् की तरफ से कल राज्य स्तर पर हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन पानीपत में किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह की धर्मपत्नी व हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

***************************************************************
******